सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 29 | इंदौर, सोमवार 11 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## नई दिल्ली में पीएम मोदी ने किया नए फ्लैट्स का उद्घाटन

### सांसदों को दिया तोहफा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम सुबह 10 बजे हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंदूर का पौधा भी लगाया।

यह परिसर सांसदों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रत्येक फ्लैट में 5,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल है, जिसमें कार्यालय और स्टाफ के लिए जगह भी है। यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप है। इमारतें भूकंपरोधी हैं और दिव्यांगों के लिए अनुकूलित हैं।

जानकारी के अनुसार इस परिसर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह संसद सदस्यों की कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं की पूरी श्रृंखला से सुसज्जित है। हरित प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करते हुए, यह परियोजना जीआरआईएचए 3-स्टार रेटिंग के मानकों का पालन करती है और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 का अनुपालन करती है।

इन पर्यावरणीय रूप से स्थायी विशेषताओं से ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान मिलने की आशा है। उन्नत निर्माण तकनीक (विशेष रूप से, एल्युमीनियम शटरिंग के साथ मोनोलिथिक कंक्रीट) के उपयोग ने संरचनात्मक स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए परियोजना को समय पर पूरा करना संभव बनाया। यह परिसर दिव्यांगजनों के अनुकूल भी है, जो समावेशी डिज़ाइन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

संसद सदस्यों के लिए अनुकूल आवास की कमी के कारण इस परियोजना का विकास आवश्यक हो गया था। भूमि की सीमित उपलब्धता के कारण, भूमि उपयोग को अनुकूलित करने और रखरखाव लागत को न्यूनतम करने के ध्येय से ऊर्ध्वाधर आवास विकास पर लगातार बल दिया गया है।

प्रत्येक आवासीय इकाई में लगभग 5,000 वर्ग फुट का कार्पेट क्षेत्र है, जो आवासीय और आधिकारिक दोनों कार्यों के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है। कार्यालयों, कर्मचारियों के आवास और एक सामुदायिक केंद्र के लिए समर्पित क्षेत्रों को शामिल करने से संसद सदस्यों को जन प्रतिनिधि के रूप में अपनी उत्तरदायित्वों को पूरा करने में मदद मिलेगी। परिसर के सभी भवनों का निर्माण आधुनिक संरचनात्मक डिज़ाइन मानदंडों के अनुरूप भूकंपरोधी बनाया गया है। सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक और सुदृढ़ सुरक्षा तंत्र कार्यान्वित किया गया है।

# ‘हर घर तिरंगा’ अभियान से जन-जन को जोड़ें, सीएम बोले- जन-आंदोलन का स्वरूप दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ‘हर घर तिरंगा’ अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दें और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए तिरंगा यात्रा, रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित हों। इसके साथ ही स्वच्छता, शुचिता और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की जागरूकता को भी इस अभियान से जोड़ा जाए।**



रविवार को सीएम निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, स्वतंत्रता सेनानियों, सेवानिवृत्त सैनिकों और समाजसेवियों को जोड़ा जाए। उन्होंने तिरंगा यात्राओं में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने और आमजन के लिए झंडों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान झंडे के इतिहास और प्रेरक प्रसंगों का प्रचार-प्रसार किया जाए और बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित हों। तिरंगा सेल्फी लेकर ‘हर घर तिरंगा’ पोर्टल पर अपलोड करने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में प्रदेश के 406 निकायों में 1331 जनजागरूकता कार्यक्रम हुए, 1700 विद्यालयों में तिरंगा प्रेरित कला व रंगोली बनाई गई, और 2.87 लाख से अधिक नागरिकों ने भागीदारी की। अब दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक और तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा, जिसमें ध्वजारोहण, प्रकाश व्यवस्था और ‘तिरंगा मेला’ का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान को स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन से जोड़ा गया है, जिसमें गांवों में सफाई, जल संरक्षण और ध्वजारोहण कार्यक्रम होंगे। शासकीय उचित मूल्य दुकानों से अब तक 2.28 लाख से अधिक झंडे वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने जिलों को निर्देश दिए कि व्यापारिक संगठनों, स्वसहायता समूहों और समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इस अभियान को उत्सव का रूप दें।

# फ्लायओवर बनाने में लेटलतीफी पड़ रही भारी, रोज लग रहा जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सत्यसाईं चौराहे पर फ्लायओवर निर्माण का कार्य शुरू हुए अब डेढ़ साल बीत चुका है, लेकिन अब तक केवल 10 प्रतिशत काम ही हो पाया है। हालात यह हैं कि अभी तक पूरा फाउंडेशन भी तैयार नहीं किया जा सका है। कुल 13 पियर बनाए जाने हैं, लेकिन इनमें से महज 6 पियर के फाउंडेशन पर ही आंशिक कार्य हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि निर्माण एजेंसी इस प्रोजेक्ट के लिए जरूरी संसाधन नहीं जुटा पा रही है। शहर का मुख्य चौराहा होने से यहां पर रोज जाम लगता है। बारिश में कीचड़ और फिसलन होने की वजह से हादसे भी बढ़ गए हैं। आसपास की सर्विस रोड पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की वजह से वाहनों




के निकलने की जगह नहीं बचती। इस वजह से यहां पर लगातार हादसे हो रहे हैं। इंदौर और पीथमपुर के तीन बड़े प्रोजेक्ट्स पर मिलाकर केवल 20 श्रमिक कार्यरत हैं, जबकि प्रत्येक साइट पर कम से कम 70-80 श्रमिकों की आवश्यकता है। मशीनों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति में भी गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। 75 प्रतिशत समय बीत चुका है, लेकिन अब तक 10 प्रतिशत कार्य भी नहीं हुआ है। आश्चर्यजनक रूप से साइट पर मजदूरों से ज्यादा संख्या में सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। अब तक तीन बार प्रोजेक्ट हेड को बदला जा चुका है, लेकिन प्रगति नगण्य है। निर्माण एजेंसी ने देवास नाका की तरफ की भुजा पर पूरी सड़क को डायवर्ट कर कार्य शुरू कर दिया है ताकि एप्रोच रोड तैयार हो सके। हालांकि, अभी तक पियर के ऊपर बनने वाली पियर कैप भी नहीं डाली गई है। वहीं विजय नगर तरफ की भुजा में अब भी जमीन के अंदर ही फाउंडेशन का कार्य किया जा रहा है। जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि वर्ष के अंत तक भी गर्डर लॉन्चिंग संभव नहीं दिखती। फरवरी में जब लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने रेसीडेंसी में बैठक ली थी, तब एमपीआरडीसी द्वारा सत्यसाईं और आईटी पार्क चौराहे के निर्माण कार्यों की गलत प्रगति रिपोर्ट पेश की गई थी। सत्यसाईं फ्लायओवर की प्रगति 36 प्रतिशत बताई गई थी, जबकि वास्तविकता में यह केवल 8 प्रतिशत के आसपास थी। वित्तीय प्रगति भी 31 प्रतिशत दर्शाई गई, जो भ्रामक थी। यह फ्लायओवर 62 करोड़ रुपए की लागत से छह लेन का बनाया जा रहा है, जिसके लिए 15 मार्च 2024 को वर्क ऑर्डर जारी हुआ था और कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य है। फिलहाल 90 प्रतिशत कार्य बाकी है और मात्र 7 महीने शेष हैं।

एक बगिया मां के नाम"

# रक्षा राज्य मंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री द्वारा इंदौर में पौधारोपण

## बीएसएफ परिसर एवं पितृ पर्वत के पीछे 11-11 हजार पौधों का रोपण

◆ पर्यावरण संरक्षण के लिए इंदौर काम कर सकता है तो देश के अन्य शहर क्यों नहीं- रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ द्वारा आज ' एक बगिया मां के नाम' अभियान अंतर्गत इंदौर में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बीएसएफ परिसर एवं पितृ पर्वत के पीछे गांधीनगर थाने के पास 11-11 हजार पौधों का रोपण कार्य शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायकगण श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्री मधु वर्मा, तथा श्री नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इंदौर का योगदान सराहनीय है। मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में इंदौर ने विगत वर्ष 51 लाख से अधिक पौधे लगाकर एक बड़ा लक्ष्य हासिल किया है, जो नागरिकों के सहयोग से संभव हुआ। 'एक पेड़ मां के नाम' एवं एक बगिया मां के नाम अभियान से पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश गया है। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में लगातार आठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसी तरह हरियाली और पर्यावरण में भी इंदौर देश का अग्रणी शहर बनेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए इंदौर ने जो काम किया है, उसका अनुसरण देश के अन्य शहर करके यह मुकाम प्राप्त कर सकते हैं।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इंदौर ने पूरे जोश और समर्पण से अपनाया है। पिछले वर्ष रेवती रेंज एवं अन्य स्थानों पर 51 लाख पौधों का रोपण किया गया, जिसमें पितृ पर्वत जैसे स्थान हरियाली से आच्छादित हो गए हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं, उसकी देखभाल करें और आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली का उपहार छोड़ें।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि आज का पौधारोपण भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के बीच यह संकल्प हमें आने वाले समय में राहत देगा। उद्यान प्रभारी श्री राजेंद्र राठौर ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की संकल्पना पर आधारित इस अभियान के तहत, पिछले वर्ष गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में रेवती रेंज पर एक दिन में 12 लाख 41 हजार पौधों का रोपण कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था, जिसमें लगभग ढाई लाख पौधे बीएसएफ जवानों द्वारा लगाए गए। इसके अलावा बिजासन टेकरी एवं बीएसएफ परिसर में भी एक लाख से अधिक पौधारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ द्वारा लगाए गए पौधों की देखरेख हेतु उपचारित जल की पाइपलाइन और सम्पवेल निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसके लिए नगर निगम, इंदौर, बीएसएफ का आभार व्यक्त करता है। इस वर्ष भी 51 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लाखों पौधे लगाए जा चुके हैं।

आज के इस अवसर पर बीएसएफ परिसर स्थित 'मां की बगिया' में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ जी की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। बीएसएफ के सहयोग और इस अभियान को सफल बनाने में योगदान के लिए नगर निगम, इंदौर ने हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# युवतियों ने रैलिंग पर बांधी राखी BRTS हटाने की उठाई मांग



**इंदौर के रसोमा चौराहे पर यूथ कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता और पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए पहुंचे और बीआरटीएस को हटाने की मांग की। इस मांग को लेकर उन्होंने बीआरटीएस पर बने बस स्टॉप के रेलिंग पर राखी बांधी।**

यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमित पटेल ने कहा कि शहर की जनता पहले ही ट्रैफिक से परेशान है। कोर्ट पहले ही बीआरटीएस को हटाने का निर्देश जारी कर चुकी है। उसमें कोई भी प्रतिक्रिया सरकार द्वारा नहीं की गई है, इसलिए यूथ कांग्रेस के साथियों व बहनों के साथ बीआरटीएस को राखी बांधी कर अनोखा प्रदर्शन किया। अमित पटेल ने कहा कि हमने सरकार से मांग की है कि या तो बीआरटीएस को जल्द हटाया जाए या बीआरटीएस से हमने भाई होने का फर्ज निभाने का आग्रह करते हुए अपने ऊपर से वाहनों को निकालने दे ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा हो सके और आम जनता का समय भी बच सके। इससे यहां ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सकेगा। उन्होंने सोई हुई सरकार से इसकी सुध लेने का कहा है।

# खजराना गणेश मंदिर परिसर में कांग्रेस नेताओं ने राखी का पर्व मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना गणेश मंदिर परिसर में कांग्रेस नेताओं ने राखी का पर्व मनाया। कई कांग्रेस नेता इसमें शामिल हुए। इसके पहले कांग्रेस नेताओं ने भगवान खजराना गणेश का आशीर्वाद भी लिया। ये आयोजन प्रदेश कांग्रेस सचिव रीना बौरासी ने किया।**

कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, महामंडलेश्वर दादू महाराज सहित कांग्रेस के कई नेता खजराना गणेश मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में कांग्रेस नेताओं ने पहले भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया और उनका पूजन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव रीना बौरासी ने कांग्रेस नेताओं को राखी भी बांधी।

आयोजन के पहले खजराना गणेश मंदिर में कांग्रेस नेताओं ने भगवान गणेश का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव रीना बोरासी ने भगवान गणेश को भी राखी बांधी। इसके बाद उन्होंने जीतू पटवारी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं को राखी बांधी। इसके बाद राखी का मुख्य आयोजन खजराना गणेश मंदिर परिसर स्थिति एक हॉल में किया गया। जहां कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार भी व्यक्त किए। यहां भी कांग्रेस नेताओं का रीना बोरासी ने राखी बांधी। आयोजन में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, राजू भदौरिया, विनय बाकलीवाल, सदाशिव यादव सहित कई नेता मौजूद रहे। रीना बोरासी के अलावा भी अन्य बहनों ने पटवारी व कांग्रेस नेताओं को राखी बांधी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि परिवार के लोग बहन की रक्षा को लेकर, सुरक्षा को लेकर उसके परिवार में हर तरह की सुख-शांति और समृद्धि हो, इस आशीर्वाद को लेकर ये पवित्र त्योहार मनाया जाता है। हम कई सालों से राऊ विधानसभा के अंतर्गत राखी का त्योहार मनाते आ रहे हैं। इस बार भी हम 16 तारीख को राऊ में ये आयोजन करेंगे। कांग्रेस कार्यालयों पर भी ये आयोजन हो रहे हैं। ये हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि रीना बोरासी ने ये आयोजन किया है। हम हमारी बहन की रक्षा और सुरक्षा की प्रतिज्ञा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं जिला अध्यक्ष-शहर अध्यक्ष के सवाल पर पटवारी ने कहा कि संगठन सृजन का जो आयोजन हुआ, वो पवित्र है। अगर माइक पर बताने लगा तो पवित्रता धूमिल हो जाएगी। मैं जिम्मेदार पद पर हूं, कौन सी बात कहां करना चाहिए, यह एहसास है मुझे।



# फैक्ट्री के पास मिला मजदूर का शव, हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र के नावदा पंथ इलाके में एक मजदूर की हत्या का मामला सामने आया है। शनिवार रात फैक्ट्री लौटते समय अज्ञात व्यक्ति ने उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी। मजदूर का शव उसकी फैक्ट्री से करीब 100 मीटर की दूरी पर खुले मैदान में खून से लथपथ हालत में मिला।**

पुलिस को मौके से एक अन्य व्यक्ति की चप्पलें भी मिली हैं, जिससे संदेह है कि हत्या के पीछे लूट की मंशा हो सकती है। मृतक की पहचान अर्जुन यादव (35) पुत्र रामलाल यादव के रूप में हुई है। वह नावदा पंथ की एक नमकीन फैक्ट्री में पिछले तीन सालों से कार्यरत था। वह मूल रूप से ग्राम पिपलाई, तहसील पुनासा का निवासी था। शनिवार को वह अपने बड़े भाई लालू यादव के घर बाणगंगा राखी बंधवाने गया था। शाम करीब 7:30 बजे वह फैक्ट्री लौटने के लिए निकला। इसी दौरान उसने एक साथी कर्मचारी बल्लू को कॉल कर कहा कि, छोटा गेट खोल दो, मैं पास ही हूं। इसके बाद वह फैक्ट्री के अंदर नहीं पहुंचा। बल्लू ने सोचा कि अर्जुन फैक्ट्री में आकर स्टाफ रूम में सो गया होगा। सुबह जब वह उठा और अर्जुन नजर नहीं आया तो उसे लगा कि वह मंदिर गया होगा। लेकिन जब वह फैक्ट्री से बाहर निकला तो कुछ दूरी पर अर्जुन का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। उसकी सूचना पर फैक्ट्री मालिक और फिर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार अर्जुन के सिर पर धारदार हथियार या किसी भारी वस्तु से वार किए गए हैं। पास में एक अन्य व्यक्ति की चप्पलें मिली हैं। अर्जुन का मोबाइल फोन भी गायब है। इससे आशंका है कि हमलावर लूट के इरादे से आया हो और विरोध करने पर हत्या कर दी हो। फिलहाल चंदन नगर पुलिस हत्या, लूट और आपसी रंजिश जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बेटे के जन्मदिन के 1 दिन बाद पिता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भंवरकुआं इलाके में एक इंजीनियर की मौत हो गई। घटना से एक दिन पहले ही उन्होंने अपने बेटे का जन्मदिन मनाया था। शनिवार रात वह अपने निर्माणाधीन मकान की छत पर जा रहे थे, तभी सीढ़ियों पर पैर फिसलने से नीचे गिर पड़े। घायल अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान प्रदीप वाडेकर (30) पुत्र किशोर वाडेकर निवासी अभिनव नगर के रूप में हुई है। प्रदीप पेशे से सिविल इंजीनियर थे। शनिवार रात वे अपने निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर काम देखने गए थे। उसी दौरान सीढ़ियों पर पानी होने के कारण उनका पैर फिसल गया और वे अंदर की ओर पानी की टंकी के ढक्कन पर गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर उनका भाई मौके पर पहुंचा। प्रदीप टंकी के पास अचेत अवस्था में पड़े थे और उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिवार ने तुरंत उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के अनुसार प्रदीप का एक दो साल का बेटा है। घटना से एक दिन पहले ही बेटे का जन्मदिन घर पर मनाया गया था, जिसमें परिवार के कुछ सदस्य शामिल हुए थे। शनिवार को भी रक्षाबंधन के चलते घर में खुशी का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। प्रदीप के जीजा राजेन्द्र शिंदे ने बताया कि उनका दो मंजिला मकान पहले से बना हुआ है और तीसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा था। प्रदीप के परिवार में उनके दो छोटे भाई हैं, जबकि पिता का देहांत हो चुका है।

# राखी के लिए अपने घर जा रहे इंदौर एसडीएम वैश्य सड़क हादसे का शिकार




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राखी के त्योहार पर अपने गृह नगर गए इंदौर के अपर कलेक्टर रिंकेश सिंह वैश्य रविवार को एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। वैश्य सहित परिवार के साथ लोग घायल हुए है। यह हादसा शिवपुरी जिले के बदरवास थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर खोकर गांव के पास हुआ।**

जानकारी के अनुसार, रिंकेश सिंह अपने परिवार के साथ बदरवास से खोकर गांव में आयोजित कलश यात्रा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक एक गाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। हादसे में सभी को चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल गुना जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एक बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने शिवपुरी के प्रशासनिक अफसरों से चर्चा की और हादसे में घायल रिंकेश व उनके परिवार के लोगों को उपचार की समुचित व्यवस्था करने को कहा है।

# रास्ता रोककर युवक ने मांगी इंस्टाग्राम आईडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक हॉस्टल में रहने वाली युवती का ऑफिस आने-जाने के दौरान आरोपी पीछा कर रहा था। रात में उसने हॉस्टल के बाहर रोककर इंस्टाग्राम आईडी मांगी।**

पीड़िता के होस्टल के बाहर आरोपी खड़ा हो गया। बाद में पीड़िता ने अपने भाई को जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ करने और पीछा करने के मामले में केस दर्ज किया है। भंवरकुआ पुलिस ने निजी आफिस में काम करने वाली एक युवती की शिकायत पर आफताब खान निवासी आजाद नगर के खिलाफ एफआईआर की है। पीड़िता ने बताया कि दो तीन दिन से आफताब हॉस्टल से जूनी इंदौर ऑफिस आने जाने के दौरान उसका पीछा कर रहा था। शुक्रवार को ऑफिस से निकलने के दौरान वह फिर से पीछे आया। हॉस्टल के पास जब पहुंची तो पीड़िता को रोका ओर अपना नाम बताते हुए इंस्टाग्राम आईडी मांगी। पीड़िता उसकी बात का जबाव दिए बिना हॉस्टल में चली गई। इसके बाद बाहर आकर देखा तो आफताब सामने गार्डन में खड़ा था। युवती ने अपने भाई को काल कर जानकारी दी। शनिवार को इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। चंदन नगर पुलिस ने भी मेड का काम करने वाली युवती की शिकायत पर एक युवक नईम केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि वह गुमाश्ता नगर काम के लिए जा रही थी। तब रास्ते में नईम पीछा करते हुए आया। उसे रोका तो युवती से कहने लगा कि उसे अच्छा नहीं लग रहा वह पीछा कर रहा है तो इसके बाद मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि इस पर बात कर लेना। पीड़िता ने यह बात अपने परिवार के लोगों को बताई। चंदन नगर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

# बेरोजगार युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर में रहने वाले एक युवक ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेला था। बड़ा भाई काम से बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर उसे घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सचिन (18) पुत्र रामलाल विश्वकर्मा के रूप में हुई। उसका भाई मनीष जब रात में घर पहुंचा तो उसने सचिन को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई। सचिन को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को सचिन घर पर अकेला था। दिन में वह दोस्तों के साथ घूम रहा था, लेकिन देर शाम से बाहर नहीं निकला। उसकी मां अपने मामा को राखी बांधने चापड़ा गई हुई थी, जबकि बड़ा भाई मनीष, जो ठेकेदारी का काम करता है, अपने काम से बाहर था। सचिन के पास से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने रात में उसका मोबाइल भी जांचा, लेकिन उसमें भी कोई अहम जानकारी नहीं मिली। सचिन फिलहाल कोई काम नहीं कर रहा था और उसने कई साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। पुलिस के अनुसार, यह पता लगाया जा रहा है कि आखिरी बार सचिन ने मोबाइल पर किससे बात की थी। फिलहाल मामला जांच में है।

# सराफा के तीन व्यापारियों से सोना लेकर फरार दलाल

## 7 महीने बाद जांच के बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सराफा बाजार के तीन व्यापारियों से लाखों रुपए का सोना लेकर एक दलाल फरार हो गया। जब व्यापारी उससे संपर्क नहीं कर पाए तो उन्होंने उसके घर जाकर जानकारी जुटाई। पता चला कि उसी रात दलाल के परिवार ने एरोड्रम थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सराफा थाना पुलिस ने व्यापारी अंशील पटोदी की शिकायत पर संदीप सोनी निवासी एरोड्रम के खिलाफ 500 ग्राम से अधिक सोने की धोखाधड़ी के मामले में शनिवार को FIR दर्ज की है। व्यापारी अंशील पटोदी ने पुलिस को बताया कि वह सराफा बाजार में व्यापार करता है। 31 दिसंबर 2024 को संदीप सोनी नामक दलाल उनके और उनके दो साथियों की दुकान पर आया। वह पहले से ब्रोकरशिप (दलाली) का काम करता था, इसलिए सभी व्यापारी उसे जानते थे और उस पर भरोसा करते थे। संदीप ने तीनों व्यापारियों से शुद्ध सोना लिया और कहा कि वह कुछ देर में उसका पेमेंट कर देगा। लेकिन रात तक जब भुगतान नहीं हुआ, तो व्यापारियों ने उसे कॉल किया। उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। व्यापारियों को जब संदीप की कोई जानकारी नहीं मिली, तो उन्होंने अगले दिन उसके घर जाकर पूछताछ की। वहां उसके बुजुर्ग माता-पिता ने बताया कि उन्होंने उसी रात एरोड्रम थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। इससे संदेह गहराया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट जानबूझकर दर्ज कराई गई है ताकि धोखाधड़ी को छिपाया जा सके।व्यापारियों ने इस पूरे मामले की 1 जनवरी 2025 को शिकायत दी थी।

# जबरन निकाह किया, विरोध करने पर बंधक बनाया

## युवती ने प्रेमी समेत परिवार पर कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 23 साल की युवती ने प्रेमी और उसके परिवार के 6 से ज्यादा लोगों के खिलाफ FIR कराई है। उसका आरोप है कि प्रेमी ने नाम बदलकर दोस्ती की। इसके बाद उसके परिवार के लोगों ने जबरन धर्म परिवर्तन करवाया। कलमा पढ़वाकर निकाह करा दिया। विरोध करने पर घर में कैद कर दिया।**

पीड़िता ने बाद में किसी तरह अपनी मां और भाई से संपर्क किया। इसके बाद कुछ लोगों की मदद से पुलिस तक जानकारी पहुंची। शनिवार को पीड़िता ने परदेशीपुरा थाने में अपने बयान दर्ज कराए। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। परदेशीपुरा पुलिस ने दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन और जान से मारने की धमकी के आरोप में फाइटर राजपूत उर्फ सोहिल खान, साकिर इकबाल, शामनाज फातिमा, नदीम अख्तर, सहवर इकबाल, यासिर हयात, सारिक, शिवा जरिन, गुलसफा, शौकत राजपूत, गुलजार राजपूत, नजाकत राजपूत और एक मौलवी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि 3 साल पहले सोशल मीडिया पर फाइटर राजपूत से दोस्ती हुई थी। उसने अपना नाम सोहिल राजपूत बताया था। दोनों के बीच चैट पर काफी बातचीत होने लगी। करीब एक साल बाद सोहिल ने उसे शादी करने की इच्छा जताई। खुद को राजपूत बताने के कारण मैंने हां कर दी। लेकिन शादी को लेकर परिवार के लोग राजी नहीं थे। पीड़िता के मुताबिक सोहिल ने मुझे समझाया। 21 जून 2025 को मैं अपने घर से 3 लाख रुपए और कुछ डॉक्यूमेंट लेकर उसके साथ अहमदाबाद चली गई। यहां सोहिल ने उसे दो दिन तक एक होटल में रखा। इस दौरान शारीरिक संबंध भी बनाए। बाद में उसने शादी की औपचारिकताओं के लिए गुजराती भाषा में कुछ दस्तावेज बनवाए और साइन करवा लिए। भाषा न समझ पाने के कारण मैं इन दस्तावेजों को समझ नहीं पाई। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद सोहिल ने उसे अपने दोस्त सेजर के प्लास्टिक कारखाने में बने एक कमरे में ठहराया। 3 अगस्त को वह उसे अपने घर नेशनल मिल चाल ले गया। यहां उसकी मां शामा नाज फातिमा, पिता साकिर इकबाल, भाई नदीम, यासिर, सारिक, बहन शिवा और भाभी गुलसफा मिले। तभी मुझे पता चला कि सोहिल का धर्म अलग है। सोहिल और उसके परिवार ने मुझ पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाना शुरू किया। उन्होंने कहा कि सोहिल से निकाह करना है तो धर्म बदलना पड़ेगा। साकिर इकबाल ने मुझे कलमा पढ़वाया और उसका नाम बदलकर सना फातिमा रख दिया। मैंने विरोध किया तो घर से निकलने नहीं दिया गया। 8 जुलाई को सोहिल के चाचा-चाची शौकत राजपूत, नजाकत राजपूत, गुलजार और अन्य रिश्तेदारों ने दबाव बनाकर कलमा पढ़ाते हुए उसका निकाह सोहिल से करवा दिया। इसके बाद सोहिल ने घर से लाए गए पैसों से गृहस्थी का सामान खरीदा और पीड़िता को जबरन अपने साथ रखा। मैंने सोहिल के मोबाइल में कई लड़कियों के साथ की गई चैट देखी। इस पर सोहिल ने कहा कि यही उसका काम है।

# भगवान महाकाल की पांचवी सवारी आज निकलेगी, पांच स्वरूपों में दर्शन देंगे बाबा महाकाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर भगवान की पांचवी सवारी 11 अगस्त सोमवार को शाम 4 बजे मंदिर प्रांगण से निकलेगी। सवारी में भगवान महाकाल पांच स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। इससे पहले मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का पूजन-अर्चन किया जाएगा।

सवारी में पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नन्दी रथ पर श्री उमा-महेश और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद शामिल रहेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवान पालकी में विराजित भगवान को सलामी देंगे। सवारी परंपरागत मार्ग से होते हुए महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होकर रामघाट पहुंचेगी। शिप्रा घाट पर नदी के जल से भगवान का



अभिषेक और पूजन किया जाएगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर लौटेगी। सवारी के साथ मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों की झांकियां भी शामिल होंगी। इनमें श्री राजाराम लोक ओरछा, मां बगलामुखी माता मंदिर, मां शारदा शक्तिपीठ मैहर और देवीलोक मां श्री बिजासन माता धाम सलकनपुर की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा चार जनजातीय कलाकारों के दल भी प्रस्तुति देंगे। बैतूल से गौण्ड जनजातीय ठाट्या नृत्य, खजुराहो से कछियाई लोक नृत्य, दमोह से बधाई लोक नृत्य और डिण्डोरी के गेडी जनजातीय नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। यह भाद्रपद माह की पहली और क्रम अनुसार पांचवी सवारी है।

# एमपी में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर नियम सख्त

## अगर नहीं लगाया तो रुक जाएगा यह जरूरी काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी। कहने को तो भोपाल प्रदेश की राजधानी है, लेकिन यहां पर नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। भोपाल में पिछले 15 साल में करीब 19 लाख गाड़ियां रजिस्टर्ड हुई हैं, लेकिन अब तक करीब 5 लाख में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लग पाया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विभाग ने इस अभियान को प्राथमिकता में रखते हुए 3 महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। लेकिन लगता नहीं कि यह पूरा हो पाएगा।**




इस मामले में परिवहन विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहन मालिक अब कोई भी परिवहन संबंधी महत्वपूर्ण कार्य नहीं करा पाएंगे। जिन वाहनों में यह नंबर प्लेट नहीं लगी है उनके पीयूसी, फिटनेस सर्टिफिकेट, आरसी बदलाव, परमिट नवीनीकरण और अन्य सेवाएं ठप हो जाएंगी। यह प्रक्रिया आसान है और ऑनलाइन बुकिंग के बाद तय समय पर नंबर प्लेट लगाई जा सकती है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 के बाद भोपाल में लगभग 5 लाख नई गाड़ियां रजिस्टर्ड हुई हैं। अधिकांश वाहनों में एचएसआरपी लग चुकी है, लेकिन अब भी करीब 22 हजार गाड़ियों में यह नंबर प्लेट लगना बाकी है। विभाग अब इन गाड़ियों के मालिकों को जल्द ही नोटिस या संदेश भेजकर सूचित करने वाला है। बता दें कि एचएसआरपी नंबर प्लेट हाई-क्वालिटी, टेम्पर-प्रूफ होती है और इसमें एक यूनिक लेजर-कोड होता है, जिससे चोरी या फर्जी नंबर प्लेट लगाने जैसी घटनाएं नियंत्रित होती हैं। साथ ही यह सड़क पर लगे कैमरों से वाहन की सही पहचान में मदद करती है, जिससे यातायात नियमों का पालन और अपराध नियंत्रण आसान हो जाता है। अगर किसी भी व्यक्ति का वाहन भोपाल में रजिस्टर्ड है और उसमें अब तक एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया बहुत आसान है। अधिकृत डीलर या परिवहन कार्यालय में जाकर तुरंत नंबर प्लेट लगवाया जा सकता है। एचएसआरपी नंबर प्लेट एक होलोग्राम स्टिकर है। इस पर वाहन के चेसिस और इंजन के नंबर दर्ज होते हैं। इस खास तरह के स्टिकर को वाहन की नंबर प्लेट पर चिपकाया जाता है। प्लेट पर नंबर उभारकर बनाए जाते हैं, ताकि कोई उनमें छेड़छाड़ न करने पाए। इस पूरी प्लेट को वाहनों की सुरक्षा के लिहाज से तैयार किया गया है। एक बार प्लेट वाहन में फिट हो जाए तो उसे निकालना भी आसान नहीं हो पाता। इसमें HSRP नंबर को प्रेशर मशीन की मदद से लिखा जाता है। इस नंबर से वाहन की पूरी जानकारी सामने आ जाती है।

# भाजपा विधायक के भतीजे का टोल प्लाजा पर हंगामा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेसी।** देवास जिले के हाटपीपल्या से भाजपा विधायक मनोज चौधरी के भतीजे निखिल चौधरी ने टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा किया। उसने कर्मचारियों से गालीगलौज की। हॉकी स्टिक लेकर टोल प्लाजा पर लगे बैरिकेड उठाकर फेंक दिए।

निखिल चौधरी ने खुद को विधायक का भतीजा बताते हुए कहा, 'मेरी बात सुन विधायक जी के नाम पर यहां सारी गाड़ियां निकलेंगी।' एक पुलिसकर्मी ने उसे रोकने और हाथ से हॉकी स्टिक छीनने की कोशिश की, लेकिन वह हंगामा करता रहा। इस कारण टोल पर गाड़ियों की कतार लग गई। घटना 6 अगस्त की है, लेकिन वीडियो अब सामने आया है। निखिल, विधायक मनोज चौधरी के बड़े भाई बलराम चौधरी का बेटा है। पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। निखिल एमबीबीएस डॉक्टर है। वह इंदौर के एक निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करता है। घटना के बाद भोरासा थाना पुलिस ने टोल कर्मचारी राघवेंद्र सिंह राजावत की शिकायत पर आरोपी निखिल चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फरियादी ने बताया कि निखिल और उसके साथियों ने टोल शुल्क मांगने पर गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

# फैमली हेल्थ सर्वे की बड़ी चेतावनी, 68% महिलाओं में 'खून की कमी'




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी।** एमपी के भोपाल शहर की महिलाओं में खून की कमी है। परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में खून की कमी के कारण 15 से 49 वर्ष की आयु की लगभग 68 प्रतिशत महिलाएं एनीमिक हैं। जबकि प्रदेश में यह आंकड़ा 54.7 प्रतिशत है। यही नहीं, भोपाल की करीब 58.4 प्रतिशत किशोरियां भी एनीमिया से पीड़ित हैं। इनमें गांवों की महिलाओं के अलावा पढ़ी लिखी युवतियां भी शामिल हैं। एनीमिया जिसे आम भाषा में 'खून की कमी' भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या या हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम हो जाता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है जो फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के अन्य भागों तक पहुंचाने में मदद करता है। एनीमिया होने पर शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिससे थकान, कमजोरी, और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं।

# सरकारी स्कूल में बच्चे से पैर दबवाते दिखीं टीचर



**भोपाल। बच्चों के सभ्य व्यक्तित्व का निर्माण हो, वे पढ़-लिखकर अपना भविष्य बेहतर बना सकें, इसी उम्मीद में मां-बाप उन्हें स्कूल भेजते हैं। लेकिन राजधानी भोपाल के एक सरकारी स्कूल से सामने आई तस्वीर इस भरोसे को चोट पहुंचाती है। यहां एक महिला टीचर बच्चे से पैर दबवाते नजर आ रही हैं। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई।**

गुरुवार की इस घटना का वीडियो शनिवार शाम सामने आया। टीटी नगर में जहां इस साल से शुरू हुए सांदीपनी स्कूल में बच्चों को स्मार्ट क्लासेस के जरिए अंग्रेजी, गणित समेत अन्य विषय रोचक तरीके से पढ़ाए जा रहे हैं। वहीं, राजधानी में कुछ स्कूल ऐसे भी हैं, जहां न बच्चों के लिए बाथरूम हैं और न कक्षाओं में बेंच। आधा दर्जन स्कूल जर्जर होने के कारण बंद पड़े हैं। बच्चे से पैर दबवाने का वीडियो गांधीनगर स्थित शासकीय महात्मा गांधी उ.मा.वि. का है। लंच के बाद स्कूल की ज्यादातर कक्षाओं में बच्चे शांत होकर पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन कक्षा 4 में शोर था। यह स्कूल की एकमात्र कक्षा है, जहां बच्चे जमीन पर बैठते हैं। सामने कुर्सी पर बैठी महिला टीचर ने एक पैर दूसरी कुर्सी पर रखा था और उसी कक्षा का एक बच्चा पैर की मसाज कर रहा था। अन्य शिक्षकों के मुताबिक, यह कोई नई बात नहीं है। महिला टीचर ने सफाई दी कि क्लास में प्रवेश करते समय गेट पर टूटी टाइल्स से बने गड्ढे में उनका पैर मुड़ गया। बच्चों ने उन्हें संभालकर कुर्सी पर बैठाया और एक बच्चा प्रेमभाव से पैर दबाकर दर्द कम करने की कोशिश कर रहा था।

# वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर के लिए सुप्रीम कोर्ट की परमिशन अनिवार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी। मध्यप्रदेश के जबलपुर और उज्जैन में प्रस्तावित जू और रेस्क्यू सेंटर अब तभी खोले जा सकेंगे जब सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिल जाएगी। इसकी वजह यह है कि वन विभाग इन सेंटरों को वन क्षेत्र में स्थापित करने की योजना बना रहा है। चूंकि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता, इसलिए रेस्क्यू सेंटर खोलने से पहले कोर्ट की मंजूरी जरूरी होगी।**

हालांकि, अगर यह केंद्र राजस्व भूमि पर खोले जाते हैं तो सुप्रीम कोर्ट की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगभग छह महीने पहले जबलपुर और उज्जैन में जू और रेस्क्यू सेंटर खोलने की घोषणा की थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने गुजरात के जामनगर स्थित अंबानी ग्रुप के जू और रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया था। स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी इस केंद्र का दौरा कर चुके हैं।

## संपादकीय

# ट्रंप-पुतिन की मीटिंग से नई दिल्ली को क्या होगा फायदा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में 15 अगस्त को होने वाली बहुप्रतीक्षित बैठक से भारत को काफी उम्मीदें हैं। नई दिल्ली को लग रहा है कि अमेरिका और रूसके बीच कोई समझौता हो सकता है। इससे रूस पर लगे कुछ पाबंदियां हट सकती है। भारत को यह भी उम्मीद है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो भारत और रूस के बीच व्यापार आसान हो जाएगा। ट्रंप ने भारत पर जो 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, वह भी हट सकता है। ट्रंप का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीदकर रूस के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है। राजनयिकों का मानना है कि इस समझौते से भारत-अमेरिका के रिश्ते भी सुधर सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर ट्रंप-पुतिन शिखर सम्मेलन का समर्थन किया है। मंत्रालय ने कहा है कि वह इन प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'इस बैठक से रूस-यूक्रेन जंग के खत्म होने की संभावना जगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई बार कह चुके हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) के सदस्य और पूर्व डिप्टी NSA पंकज सरन ने कहा, 'यह शिखर सम्मेलन दुनिया के लिए, विशेष रूप से भारत के लिए एक निर्णायक और परिवर्तनकारी शिखर सम्मेलन है। दोनों देशों के साथ हमारे संबंध हमारे राष्ट्रीय विकास और सुरक्षा लक्ष्यों की सफलता के लिए अभिन्न हैं। भारत को शिखर सम्मेलन को पूरा समर्थन देना चाहिए।' रूस में भारत के पूर्व राजदूत और वर्तमान में NSAB के सदस्य डीबी वेंकटेश वर्मा ने कहा, 'अलास्का शिखर सम्मेलन वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है और भारत की इसमें बहुत दिलचस्पी है।' जानकारों का मानना है कि भारत के बयान ने रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत-अमेरिका संबंधों के मामलों में यूरोप को नई दिल्ली के समीकरण से बाहर कर दिया है। यूरोपीय यूनियन ने अमेरिका से पहले ही भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने की आलोचना की थी। यही वजह है कि अमेरिका ने भारत पर 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है।

isha



**भक्ति वो सबसे मधुर भावना है जिसका आप अपने अन्दर पोषण कर सकते हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## सैर सपाटा

# राजस्थान में फेमस हैं श्रीकृष्ण के ये 5 मंदिर, खास है हर जगह की कहानी



भारत में श्री कृष्ण के कई मंदिर हैं। यही वजह है कि भारत के हर कोने में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को खूब धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस साल ये खास त्योहार 16 अगस्त को मनाया जाएगा। इस मौके पर अगर आप भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए किसी मंदिर में जाने का प्लान कर रहे हैं तो यहां हम राजस्थान के फेमस मंदिरों के बारे में बता रहे हैं। जानिए-

### ◆ 1)द्वारकाधीश मंदिर, जयपुर

राजस्थान के फेमस कृष्ण मंदिरों में से एक जयपुर स्थित द्वारकाधीश मंदिर है। यह मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है, जिनकी द्वारका के राजा के रूप में पूजा की जाती है। मंदिर में काले पत्थर से बनी मुख्य मूर्ति, जटिल चांदी के आभूषणों और सुंदर कपड़ों से सजती है।

### ◆ 2) गोविंद देव जी मंदिर, जयपुर

जयपुर का एक और फेमस कृष्ण मंदिर जिसके दर्शन आपको जरूर करने चाहिए वह है गोविंद देव जी मंदिर। यह मंदिर गोविंद देव जी को समर्पित है और इसकी मूर्ति भव्य रूप से सजी हुई है। इस मंदिर को भक्त इसके वातावरण की वजह से भी पसंद करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि गोविंद देव और उनकी पत्नी राधा की मूर्तियां राजा सवाई जय सिंह द्वितीय द्वारा वृंदावन से लाई गई थीं।

### ◆ 3) इस्कॉन मंदिर, जोधपुर

अगर आप राजस्थान के जोधपुर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यहां के इस्कॉन मंदिर जाएं। ये राजस्थान के बेहतरीन कृष्ण मंदिर में से एक है। यहां कृष्ण और राधा की मूर्तियां राजसी आभूषणों और कपड़ों से सजती हैं। ये प्राचीन मूर्तियां देखने में काफी मनमोहक लगती हैं।

### ◆ 4) श्रीनाथजी मंदिर, नाथद्वारा

भगवान श्रीनाथजी के जन्मस्थान के रूप में फेमस नाथद्वारा राजस्थान में कृष्ण को समर्पित सबसे जरूरी तीर्थस्थलों में से एक है। इस मंदिर की एक खासियत है यहां की वास्तुकला। इसके अलावा, मंदिर हरे-भरे बगीचों से घिरा है। कहते हैं कि मंदिर के गर्भगृह के अंदर भगवान श्रीनाथजी की मूर्ति गोवर्धन पर्वत के एक पत्थर से स्वयं प्रकट हुई है।

### ◆ 5) बांसवाड़ा का कृष्ण मंदिर, बांसवाड़ा

राजस्थान के बांसवाड़ा में स्थित कृष्ण मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था। इस मंदिर की सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। ये मंदिर देवताओं को समर्पित छोटे मंदिरों से घिरा हुआ है, जहां आप सभी के दर्शन कर सकते हैं।

Karnataka

# भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, देश उपलब्धियों का परचम लहरा रहा

**बेंगलुरु, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनका नाम लिए बिना जवाब दिया। मोदी ने बेंगलुरु में कहा- भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है। हम 10 वें नंबर से टॉप 5 में आ गए हैं। जल्द ही टॉप 3 में आएंगे। ये ताकत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म से मिली है। देश की उपलब्धियों का परचम आसमान में लहरा रहा है।**



दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 31 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ लगाते हुए भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। ट्रम्प ने कहा था- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर PM मोदी ने कहा- भारतीय सैनिकों की आतंकियों और पाकिस्तान को घुटने में लाने की क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा है। इसकी सफलता के पीछे हमारी टेक्नॉलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं का भी बहुत योगदान है। PM आज कर्नाटक के दौरे the। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं।

Rajasthan

## मोटरसाइकिल की पूजा, शराब का भोग



**पाली ,(एजेंसी)** राजस्थान का बुलेट बाबा मंदिर जिसे ओम बन्ना मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसकी अनोखी बात ये है कि यहां किसी देवी-देवता की नहीं बल्कि एक रॉयल एनफील्ड बुलेट की पूजा होती है। बाइक राइडर और ट्रक ड्राइवर समेत तमाम लोग यहां आकर माथा टेकते और पूजा करते हैं। ये लोग श्रद्धा स्वरूप शराब भी चढ़ाते हैं। जानिए इस अनोखे मंदिर का दिलचस्प किस्सा, आखिर यहां ऐसा क्या हुआ था, जिसके चलते एक मोटरसाइकिल की पूजा होती है। राजस्थान के पाली जिले में जोधपुर-पाली हाइवे पर बने इस मंदिर के किस्से देश दुनिया में मशहूर हैं। कहते हैं कि बुलेट बाबा मंदिर की कहानी के तार 1988 में घटी एक घटना से जुड़े हैं। इसी साल ओम सिंह राठौड़ जिन्हें स्थानीय लोग ओम बन्ना के नाम से जानते थे, अपनी रॉयल एनफील्ड बुलेट से सफर कर रहे थे। तभी रोड एक्सीडेंट हुआ और उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंचकर ओम बन्ना के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल और बाइक को पुलिस स्टेशन भिजवाया गया। बाइक को थाने में लॉक करके खड़ा कर दिया गया और इधर बन्ना का पोस्टमार्टम हो चुका था, लेकिन फिर एक हैरान कर देने वाला वाक्या हुआ। दरअसल जो गाड़ी पुलिस थाने में खड़ी थी, वह एक्सीडेंट साइट पर फिर पहुंच गई। जांच पड़ताल हुई तो किसी का नाम सामने नहीं आया, तो बाइक को उठवाकर फिर से थाने पहुंचा दिया गया।

Chhattisgarh

## बिना हेलमेट अब नहीं मिलेगी शराब

**बालोद,(एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिल रहा है। बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले संचालकों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं, इसी बीच बालोद जिले की कलेक्टर ने हेलमेट को लेकर एक नया आदेश जारी किया है। जिसके बाद बाद शराब प्रेमियों को बड़ा झटका लगा है। सड़क हादसे रोकने के लिए प्रशासन के इस अनोखी पहल की तारीफ भी हो रही है। बालोद में दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल के बाद अब शराब देने पर भी रोक लगा दी गई है। सड़क सुरक्षा को लेकर जिले के सभी अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि बिना हेलमेट के किसी को शराब और पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।




Chennai

## आर्मी चीफ बोले- जल्द हो सकता है अगला युद्ध

**चेन्नई,(एजेंसी)** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा- अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी।

इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही PAK को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को IIT मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (IARC) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया।



खेल

# टिम डेविड ने तोड़ा डेविड वॉर्नर का 16 साल पुराना रिकॉर्ड, ऑस्ट्रेलिया की द. अफ्रीका पर 17 रन से जीत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज टिम डेविड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम को 17 रन से जीत दिला दी। दोनों टीमों के बीच जारी तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला डार्विन में खेला गया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत लिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अब दोनों टीमों का सामना इसी मैदान पर 12 अगस्त (मंगलवार) को होगा।**



### टिम डेविड ने तोड़ा 16 साल पुराना रिकॉर्ड

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के बल्लेबाज टिम डेविड ने 52 गेंदों में 83 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और आठ छक्के निकले। इसी के साथ 29 वर्षीय बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी टी20 मुकाबले में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि डेविड वॉर्नर के नाम थी जिन्होंने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 89 रनों की पारी खेली थी और छह छक्के लगाए थे। इसके बाद डेविड हसी ने जोहानिसबर्ग में 88 रनों की पारी खेलकर इसकी बराबरी की। 2023 में मिचेल मार्श ने डरबन के किंग्समीड में 79 रनों की पारी में छह छक्के लगाए और उसके ठीक दो दिन बाद, ट्रैविस हेड ने उसी मैदान पर 91 रनों की पारी खेलकर यही कारनामा किया।

### ऑस्ट्रेलिया की पहले टी20 मैच में 17 रन से जीत

तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने टिम डेविड की 83 रनों की दमदार पारी के दम पर 178 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 179 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में एडेन मार्करम की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 161 रन बना पाई। उनके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने सर्वाधिक 71 रन बनाए। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड और बेन ड्वार्शिस ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि एडम जम्पा को दो और ग्लेन मैक्सवेल को एक विकेट मिला। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की तरफ से क्वेन मफाका ने चार विकेट झटके थे। वहीं, कगिसो रबाडा को दो सफलताएं मिलीं। इसके अलावा लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे और सेन्युरन मुथुस्वामी को एक-एक विकेट मिला।

सिनेमा

## War 2: फिल्म रिलीज से पहले जश्न में डूबे जूनियर एनटीआर के फैंस, क्रेन पर चढ़कर पोस्टर को पहनाई माला



बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और साउथ स्टार जूनियर एनटीआर पहली बार एक साथ फिल्म वॉर 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म में दोनों एक्टर्स एक दूसरे को टक्कर देते दिखेंगे जिसे देखने के लिए फैंस इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही अपने-अपने इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और इनके लिए फैंस की दीवानगी किसी से छुपी नहीं।फिल्म रिलीज से पहले जूनियर एनटीआर के फैंस अपने अंदाज में ग्रैंड सेलिब्रेशन कर रहे हैं जिसका वीडियो सामने आया। रविवार को फिल्म की रिलीज से पहले हैदराबाद में एक प्री-रिलीज इवेंट किया गया था। यहां जूनियर एनटीआर के फैंस के क्रेज ने सभी को हैरान कर दिया। इवेंट से पहले ही उनके फैंस ने एक बड़े कट-आउट पोस्टर पर क्रेन की मदद से एक बड़ा-सा फूलों का हार चढ़ाया। साथ ही पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया। साउथ तरफ में कुछ इस तरह जश्न मनाया जाता है। वार 2 को सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी तो दे दी, लेकिन कुछ सीन में बदलाव भी करवाए। 6 जगह पर बदलाव हुए, जिनमें एक डायलॉग बदला गया, 2 सेकंड का एक इशारा हटाया गया और कुछ विजुअल्स कट लगाए गए। ये कट खासकर कियारा आडवाणी के बिकिनी सीन में किया गया है।

## Highlights

1. **PM Modi flags off 3 Vande Bharat Express trains from Bengaluru**
2. **B'luru Metro Yellow Line launched under UPA, not BJP: Priyank**
3. **Indian-origin woman's 60-yr-old father harassed by boy in racist attack in Ireland**
4. **Maha Deputy CM tells Rahul to go to court over vote theft claims**
5. **Mangaluru's Sri Venkataramana Temple marks Shravana Purnima**

# Mamaearth's Ghazal Alagh shares powerful tips to lead with empathy under pressure: 'Empathy, honesty, and check-ins'

**NEW DElHI, (Agency).** Ghazal Alagh, co-founder of Mamaearth, recently shared a thoughtful post about how she leads during challenging times. In the post, she highlighted the importance of empathy, honesty, and small, meaningful habits that keep teams connected and motivated under pressure.

In a LinkedIn post, Alagh reflected on a high-pressure period at Mamaearth when the team had to make a strategic shift almost overnight. "There were long days, sleepless nights, the burden of course correcting and a lot more," she wrote.

In her post, she mentions starting meetings by simply asking, "How's everyone really doing today?" While the conversations were often short, she said they created a space for honesty and helped the team feel supported and heard.



Alagh listed some powerful tips: Alagh encouraged leaders to be honest and share context so that everyone understands what's happening, not just what needs to be done.

She stressed the value of inviting input from the team, noting that good ideas can come from anywhere.

Keeping weekly goals clear and simple was another key point, focusing on three main tasks, she said, is far more effective than tackling an overwhelming to-do list.

She even highlighted the power of small rituals, such as taking breaks together, even if it's just over a chai or coffee and a brief chat.

"No playbook works for every situation, but leading with empathy and practical steps always keeps the team steady and engaged," she adds.

# ICICI Bank raises minimum balance for savings accounts from ₹10,000 to 50,000

**NEW DElHI, (Agency).** In a major move on Saturday, ICICI Bank increased the minimum average balance requirement for its savings account across all branches. The new rule is set to come into effect from August 1, 2025.

For the customers in metro and urban areas, the minimum average has been raised from the earlier ₹10,000 to now ₹50,000. While in semi-urban areas, the new requirement is ₹25,000, compared to ₹5,000 previously, ANI reported.

For rural branches, the amount has been increased from ₹2,500 to ₹10,000.





This major hike is expected to impact a large amount of customers, especially from rural and semi-urban areas. Customers who are not able to maintain the required amount of balance may face penalty charges, which could cause a financial strain for the low-income account holders.

This move can lead consumers to reconsider their banking choices, with some potentially shifting to a bank with lower minimum balance requirements, or they can choose to opt for a basic savings account that does not mandate such thresholds.

As per ICICI bank, customers who fail to maintain the required minimum monthly average balance will be charged a penalty of 6 per cent of the shortfall or ₹500, whichever is lower.

However, the bank also said that these charges will be waived if the customer meets the enrolled program criteria.

In the Family Banking program, the family as a whole must maintain 1.5 times the required eligibility criteria. If this collective balance is not maintained, non-maintenance charges will be applied individually to members who fail to meet their own Monthly Average Balance (MAB) requirement. Pensioners are exempt from these charges, reported news agency ANI.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक